positive, is repatriated to his country.

II. It has been decided to screen for AIDS the foreigners intending to stay for more than one year in India. Members of the diplomatic missions and foreign journalists accrediated to the P.I.B. will, however, be exempted from the AIDS test at this stage. Anybody found positive is to be repatriated to his country.

(d) So far, 9 (Indian) cases as of AIDS have been reported under

Maharashtra	2
Andhra Pradesh	1
Punjab . .	2
J &K .	1
Gujarat . .	1
Uttar Pradesh .	1
	8

The evidence suggests that all these cases contracted the infection during their stay abroad.

राजभाषा अधिनियम के उपबन्धों का कार्यान्वयन

203. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :**
श्री रामचन्द्र विकल :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह पता लगाने के लिए कभी कोई प्रयास किया गया है कि राजभाषा अधिनियम के उपबंधों और हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के वार्षिक कार्यक्रम का शत प्रतिशत कार्यान्वयन अभी तक क्यों नहीं किया गया है;

(ख) राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष और सदस्यों तथा हिन्दी अनुभाग की फाइलों को छोड़कर ऐसी फाइलों की संख्या कितनी है जिनमें राजभाषा में अर्थात् हिन्दी में काम किया जा रहा है;

(ग) मंत्रालय के अधीन सरकारी क्षेत्र के कितने उपक्रम काम कर रहे हैं और प्रत्येक उपक्रम में राजभाषा से संबंधित कार्य के बारे में क्या स्थिति है; और

(घ) मंत्रालय में हिन्दी, अंग्रेजी और द्विभाषी कम्प्यूटरों टेलेक्सों, टेलीप्रिंटरों आदि की संख्या कितनी है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल. पी. शाही) : (क) राजभाषा अधिनियम तथा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित वार्षिक कार्यक्रम के उपबंधों के कार्यान्वयन की समीक्षा, समय-समय पर हिन्दी सलाहकार समिति तथा राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों में और इस प्रयोजन के लिए संस्थागत चैक प्वाइंटों के संदर्भ में मंत्रालय के विभिन्न अनुभागों और इसके अधीनस्थ और स्वायत्त संगठनों के निरीक्षणों के माध्यम से की जाती है। सरकारी काम में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने और इसे गति प्रदान करने के लिए, पेश आने वाली समस्याओं का समाधान किया जाता है। प्रतिशतता के लिहाज से राजभाषा अधिनियम के उपबंधों के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करने के लिए कोई सचेत प्रयास नहीं किए गए हैं।

(ख) जबकि मंत्रालय के कुछ प्रभागों में अधिकांश काम हिन्दी में किया जा रहा है; अन्य प्रभागों में भी बहुत सी फाइलें हिन्दी में निपटाई जा रही हैं। तथापि उन फाइलों की सही संख्या निश्चित करना कठिन है जिन पर हिन्दी में कार्रवाई की जाती है।

(ग) मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र का केवल एक ही उपक्रम है। इस उपक्रम द्वारा सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को उत्तरोतर बढ़ाया जा रहा है।

(घ)	हिन्दी	अंग्रेजी	द्विभाषी
1. कम्प्यूटर	—	21	—
2. टैलेक्स .	—	6	—
3. टेलीप्रिंटर	—	2	—